Need for CBI inquiry into the increasing criminal activities in Beed district, Maharashtra-Laid

श्री बजरंग मनोहर सोनवणे **(बीड) :** 9 दिसंबर को दोपहर 3 बजे, संतोष देशमुख, जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र बीड़ के मस्साजोग गांव के सरपंच थे, का अपहरण कर लिया गया । देशमुखजी की लाश शाम 6 बजे मिली । इस बात के स्पष्ट संकेत मिले हैं कि उन्हें बेरहमी से टॉर्चर और प्रताड़ित किया गया था । देशमुखजी गांव के विकास के लिए किए गए अपने काम के लिए सम्मानित थे और उनका निधन बहुत दुख का कारण है । दूसरी घटना पुलिस थाना परली (वै), जि. बीड के एक प्रतिष्ठित बिजनेसमैन अमोल डुबे जिनका अपहरण करके 2 करोड़ रूपये फिरौती की मांग की गयी । 10-15 लाख फिरौती वसूलकर उसे बीच रास्ते छोड़कर भाग गये । यह बढ़ती घटनायें बीड जिले की कानून व्यवस्था की तेजी से बिगड़ती हुई स्थिति का संकेत हैं और यह आवश्यक है कि इन सभी दुर्घटनाओं की जल्द से जल्द CBI जांच की जाए ।